भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 4013
सोमवार, 30 मार्च, 2026 (9 चैत्र, 1948 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

नए हवाई अड्डों से उड़ान संचालन की स्थिति

4013. श्री रामजी लाल सुमनः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर प्रदेश सहित देश में पिछले दशक में निर्मित नए हवाई अड्डों की संख्या कितनी है;

(ख) पिछले दशक में परिचालन शुरू करने वाले नए हवाई अड्डों की संख्या कितनी है और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) पिछले दशक में उत्तर प्रदेश राज्य के किन-किन हवाई अड्डों को वाणिज्यिक हवाई अड्डों में परिवर्तित किया गया है; और

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): वर्ष 2015 से 13 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों नामतः दुर्गापुर, शिरडी, कन्नूर, पाक्योंग, कलबुरगि, ओर्वाकल (कुरनूल), सिंधुदुर्ग, कुशीनगर, ईटानगर, मोपा, शिवमोग्गा, राजकोट (हीरासर) और नवी मुंबई को प्रचालनरत किया गया है। इनमें से कलबुरगि, पाक्योंग और कुशीनगर हवाईअड्डों पर आज की तारीख तक अनुसूचित उड़ान परिचालन नहीं है।

(ग) और (घ): नागर विमानन मंत्रालय ने असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों से संपर्क का विस्तार करने के लिए दिनांक 21.10.2016 को क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) आरंभ की है। उत्तर प्रदेश में आगरा, प्रयागराज, बरेली, कानपुर, हिंडन, कुशीनगर, अलीगढ़, आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद और चित्रकूट हवाईअड्डों से आरसीएस उड़ान परिचालन आरंभ हो गए है। अयोध्या हवाईअड्डे को भी प्रचालनरत कर दिया गया है।

******